




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 130 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 20 फरवरी 2024 | मूल्य 2 रुपया



**आवश्यकता है**

दैनिक गुरु एक्सप्रेस

गुरु एक्सप्रेस की प्रिंटिंग यूनिट पर रात्रि के समय 11 से 3 बजे तक काम करने वाले युवक (हेल्पर) की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार

संपर्क

संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक

कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस

9425105928. 8319964648


## सवा लाख से ज्यादा को मिली एक रुपए यूनिट बिजली

### मालवा-निमाड़ में 153 करोड़ रुपए की सब्सिडी

**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** गृह ज्योति योजना में मंदसौर सहित मालवा और निमाड़ के 33 लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं को एक रुपए यूनिट में बिजली मिली है। जो इस वित्तीय वर्ष के किसी महीने में सबसे ज्यादा है। बिजली कंपनी द्वारा अटल गृह ज्योति योजना चलाई जा रही है। इसमें 100 यूनिट बिजली की खपत पर 100 रुपए का बिल आता है। योजना के दायरे में 150 यूनिट एवं औसत प्रतिदिन 5 यूनिट खपत वाले उपभोक्ता आते हैं। इन उपभोक्ताओं को बिजली बिल पर सब्सिडी दी जाती है। इससे ज्यादा यूनिट आने पर उपभोक्ता योजना से बाहर हो जाते हैं। यदि अगले महीने फिर यूनिट कम आते है तो योजना में शामिल हो जाते हैं। इस योजना में जिले के 2.31 लाख उपभोक्ताओं को योजना का लाभ मिला है। वहीं मालवा, निमाड़में करीब 33 लाख 75 हजार उपभोक्ता लाभान्वित हुए है। एक महीने में उपभोक्ताओं को 153 करोड़ रुपए की सब्सिडी प्रदान की है।

**कहां-कितने उपभोक्ताओं को मिला लाभ**

| | |
|---|---|
| रतलाम- | 2.54 लाख |
| मंदसौर- | 2.31 लाख |
| उज्जैन- | 3.13 लाख |
| धार- | 3.10 लाख |
| खरगोन- | 2.91 लाख |
| देवास- | 2.35 लाख |
| बड़वानी- | 2.12 लाख |
| झाबुआ- | 2 लाख |



### वित्तीय वर्ष में यह सर्वाधिक आंकड़ा...

बिजली कंपनी के अधिकारियों के अनुसार कंपनी क्षेत्र में एक माह के दौरान योजना में करीब 33.75 लाख उपभोक्ताओं को 153 करोड़ रुपए की सब्सिडी प्रदान की गई है। चालू वित्तीय वर्ष में यह आंकड़ा सर्वाधिक है। योजना में उपभोक्ताओं को एक महीने में अधिकतम 560 रुपए सब्सिडी दी जाती है।

## कमाऊ रूट अब रसूखदारों का

### 19 साल पहले इन रूट पर चलती थी सरकारी बसें, अब राजस्थान रोडवेज बसों की हालात भी वही

**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कभी मंदसौर से गुजरने वाले कमाऊरूट पर सरकारी बसें मतलब मप्र राज्य परिवहन निगम की बसें दौड़ती थी। इन बसो का 43 साल का सफर 2 जनवरी 2005 से बंद हो गया। इसके बाद राजस्थान रोडवेज की बसों की हालत भी वहीं होने लगी। अब मंदसौर से गुजरने वाले कमाऊ रूट पर रसूखदारों की ही बसें दौड़ती नजर आती है।

एक दौर में जैसे मप्र राज्य परिवहन निगम की बसें रोड से गायब होने लगी थी। ठीक उसी तर्ज पर अब राजस्थान रोडवेज बसों के हालात हैं। बसें अपनी टाइमिंग की पाबंदी, कम दर और आरामदायक सफर के लिए पहचान रखती हैं। बावजूद इनकी संख्या लगातार घट रही है। मंदसौर के नेहरू और महाराणा प्रताप बस स्टैंड से 2019 में कुल 30 बसों का संचालन हो रहा था, जो 2024 में घटकर 9 रह गई हैं। इसके पीछे प्रमुख वजह एमपी में निजीकरण



तेजी से हावी होना सामने आया है। नेहरू बस स्टैंड स्थित बुकिंग सेंटर पर दर्ज नामों में से कई अब चलन में नहीं हैं। राजस्थान रोडवेज के चित्तौडग़ढ़, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़ डीपो के जरिए लंबे समय से जिले में यात्री बसों का संचालन जारी था। लेकिन, लगातार घटकर बसो की संख्या अब इकाई अंक में आ चुकी है।

### यहां से 5 बसों का हो रहा संचालन...

वर्तमान में मंदसौर के महाराणा प्रताप बस स्टैंड से सुबह 7.30 व 8.30 बजे (संभावित समय) कुल 2 रोडवेज बस रतलाम-अजमेर के लिए चलती हैं। सुबह 9.30 बजे रतलाम-उदयपुर बस का संचालन हो रहा था, लेकिन अब वो बंद हो चुकी है। दोपहर 1.45 बजे मंदसौर-भीलवाड़ा बस चालू है। इसी तरह दोपहर 3.10 बजे इंदौर-भीलवाड़ा और शाम 4 बजे मंदसौर-भीलवाड़ा बस संचालन जारी है। कुछ माह पहले यहीं से दोपहर 2.30 बजे बांसवाड़ा-कोटा बस चलती थी, संचालन प्रतापगढ़ डिपो के जरिए होता था, जो बंद है। इस प्रकार नेहरू बस स्टैंड से कुल 5 यात्री बसों का ही संचालन हो रहा है।

### यहां बसों की संख्या 4 पर सिमटी...

नेहरु बस स्टैंड पर रोडवेज बसों की संख्या 4 पर ही सिमट गई है। सुबह 6 बजे (संभावित समय) मंदसौर-उदयपुर बस चालू है। इसके बाद निर्धारित समय पर झालावाड़ से डूंगरपुर, डूंगरपुर से झालावाड़ और भीलवाड़ा से इंदौर रोडवेज बस संचालन हो रहा है। किटियानी निवासी नवीन शर्मा ने बताया रोडवेज की कई रूट की बसों का संचालन अब नहीं हो रहा, मजबूरन अधिक दरों पर निजी कंपनियों के वाहन में जाना पड़ता है। जहां समय भी अधिक लगता है। नई आबादी निवासी योगेश देवड़ा के अनुसार शासन को वाहनों की संख्या बरकरार रखने पर ध्यान देना चाहिए।

### निजी यात्री बसों की संख्या 300 के पार पहुंची...

जिले के मंदसौर शहर, सीतामऊ, गरोठ, भानपुरा, शामगढ़ समेत अन्य रूटों से 300 से ज्यादा निजी यात्री बसों का संचालन हो रहा है। खासकर 3 साल के दौरान इनकी संख्या में 25 फीसदी तक का इजाफा हुआ है। एयर कंडीशन, नॉन स्टॉप, डीलक्स समेत अन्य कैटेगरी के अलावा अंचल में चलने वाली 28 सीटर यात्री बसें भी इनमें शामिल हैं।

## एमपी बोर्ड परीक्षाः दमोह में घर से हल हो रहा था अंग्रेजी का पेपर

### आंसर शीट जमा करने स्कूल पहुंची शिक्षिका को युवक ने पकड़ा

**दमोह, 19 फरवरी।** जिले के जबेरा ब्लॉक के सिंग्रामपुर रानी दुर्गावती हायर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को इंग्लिश के पेपर को घर में हल कराने के आरोप लगाते हुए एक शिक्षिका को पकड़ा गया है, उसे पुलिस के हवाले किया गया। कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा का यह इंग्लिश का पेपर था। जिसके बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया और कलेक्टर मयंक अग्रवाल के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी जांच करने स्कूल पहुंचे।

बताया जा रहा है कि शिक्षिका ने अंग्रेजी का पेपर अपने घर हल किया और उसे स्कूल में जमा करने के लिए पहुंची थी। यहां पर पहले से ही शिक्षिका पर नजर रखे हुए एक युवक ने उसे पकड़ लिया। साथ ही उसके हाथ से उत्तर पुस्तिका भी छीन ली। इसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची।

### ग्रामीणों के सामने पकड़ी गई शिक्षिका...

महिला शिक्षक से उत्तर पुस्तिका पकड़ने वाले युवक सुनील कुमार शुक्ला का आरोप है कि उन्हें स्कूल में परीक्षा के दौरान नकल करवाने की



जानकारी मिली थी। इसलिए वह पूरी सजगता के साथ मौके पर मौजूद थे। सोमवार को उन्होंने जैसे ही स्कूल के बाहर शिक्षिका के हाथों में कॉपी देखी तो उन्होंने ड्यूटी पर मौजूद महिला पुलिसकर्मी को सूचना दी और महिला शिक्षक को मौके पर पकड़ लिया। महिला पुलिसकर्मी महिला शिक्षक से उत्तर पुस्तिका छीनने का प्रयास करती रही। युवक ने भी प्रयास किया। काफी देर तक महिला शिक्षक उत्तर पुस्तिका को अपने हाथों में दबोचे रही। हालांकि बाद में उसे छोड़ना पड़ा

### इनका कहना...

सोमवार को कक्षा दसवीं बोर्ड का कठिन माना जाने वाला अंग्रेजी का पेपर था। जिसकी हल की हुई कॉपी को पकड़ा गया है। शिक्षिका का नाम अंजनी राय बताया जा रहा है, जो आमघाट स्कूल में पदस्थ हैं। मामला इसलिए बेहद गंभीर है कि बोर्ड परीक्षा की आंसर शीट कॉपी पहले स्कूल से बाहर गई और प्रश्न पत्र को देखकर ही पेपर हल किया गया होगा। उन्हें खबर मिलने पर वह स्कूल पहुंचे हैं। मामले की जांच की जाएगी व जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

**एसके नेमा**
**जिला शिक्षा अधिकारी दमोह**

## 10वीं में 15 और 12वीं में जांचने के मिलेंगे 16 रुपए प्रति कॉपी

### एक शिक्षक एक दिन में अधिकतम 45 कॉपी जांच सकेंगे

**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा हाईस्कूल व हायर सेकंडरी की वार्षिक परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू किया जा रहा है। इसके लिए शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है, जो सुबह 10.30 बजे से शाम तक अलग-अलग विषय के लिए आई कॉपी का मूल्यांकन कार्य करेंगे। मूल्यांकन कार्य में लगे शिक्षकों में एक शिक्षक अधिकतम 45 कॉपी और न्यूनतम 30 कॉपी ही जांच पाएंगे।



वहीं इन शिक्षकों को हाईस्कूल में प्रति कॉपी मानदेय 15 रुपए और हायर सेकंडरी में 16 रुपए मिलेंगे। जबकि, पूर्व में हाईस्कूल के प्रति कॉपी 12 रुपए और हायर सेकंडरी की प्रति कॉपी 13 रुपए की दर तय थी। जिनमें अब तीन रुपए की बढ़ोतरी की गई है। वहीं मूल्यांकन के कार्य में अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा नोटिस जारी कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मूल्यांकन का कार्य अप्रेल के अंत में समाप्त होने के बाद मई में रिजल्ट घोषित किए जाने की संभावना जताई जा रही है।

माध्यमिक शिक्षा मंडल के शैक्षणिक सत्र 2023-24 की बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी कर रहे कलेक्टर प्रतिनिधि, शिक्षक व अधिकारी-कर्मचारी के लिए भी मानदेय तय किया गया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव ने आदेश जारी कर परीक्षाओं के कार्य में लगे कलेक्टर प्रतिनिधि का प्रतिदिन 200 रुपए मानदेय व 200 रुपए वाहन भत्ता, मुख्य परीक्षा के कक्ष में डयूटी कर रहे शिक्षक, केंद्राध्यक्ष (सीएस) व सहायक केंद्राध्यक्ष (एसीएस) को प्रति छात्र 110 रुपए और पूरक परीक्षा के लिए कक्ष में प्रति छात्र 90 रुपए तय किया गया है। जबकि, पूर्व में कलेक्टर प्रतिनिधि का 400 रुपए था, जिसे अब मानदेय व वाहन भत्ता में दो अलग-अलग भागों में बांट दिया गया है। इसी तरह मुख्य परीक्षा के लिए कक्ष में प्रति छात्र 80 रुपए था, जिसमें 30 रुपए बढ़ाकर 110 कर दिया गया है। इससे परीक्षा केंद्राध्यक्ष व सहायक केंद्राध्यक्ष व शिक्षकों का मानदेय दिया जाएगा। साथ ही पूरक परीक्षा का 70 रुपए प्रति छात्र था, जिसे 20 रुपए बढ़ाकर 90 रुपए किया गया है।

### शहर में नहीं थम रहा नहीं थम रहा बाइक चोरी का सिलसिला...

## सरकारी तीसरी आंखे बंद, निजी आंखो को तलाश रहा फरियादी

### बाइक चोरों के फोटो वायरल कर पीड़ित खुद कर रहे जांच -पड़ताल



**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर में बाइक चोरो की धमाल थमने का नाम नहीं ले रही है। काफी समय से शहर के तीनो थाना क्षेत्रो में बाइक चोर सक्रिय है। मामले में पुलिस के हाथ भी कोई बड़ी सफलता नहीं लग रही है। महीने में करीब-करीब 15 बाइक चोरी हो रही है। वहीं पुलिस 3-4 माह में दो तीन चोरी की बाइक के साथ एक एक बदमाश को पकड़कर वाहवाही लूट रही है। अब फरियादी स्वयं निजी सीसीटीवी कैमरे खंगालकर खुद जांच कर रहा है। क्योंकि, सरकारी सीसीटीवी ज्यादातर बंद मिल रहे है।

पीड़ित अब सोशल मीडिया के जरिए अपनी बाइक की तलाश कर रहा है। संदीप साहू की बाइक जीवागंज क्षेत्र से चोरी हुई थी। उसने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले और चोर का फोटो निकाला। इसके बाद लंबी जांच पड़ताल की। एक सीसीटीवी कैमरे में बाइक चोर वाहन ले जाते हुए नजर आया। यह एक उदाहरण है कि बाइक मालिक वाहन चोरी होने के बाद कितनी मशक्कत कर रहा है। अगर पुलिस इस तरह से मशक्कत कर एक दो चोर को भी पकड़े तो कई वाहनों का खुलासा हो सकता है। लेकिन, पुलिस पर लापरवाही हावी हो रही है।

### सिर्फ आवेदन लेकर इतिश्री...

खास बात यह है कि पुलिस वाले बाइक चोरी के मामले में एफआईआर करने में ही आनाकानी कर रहे हैं। सिर्फ आवेदन लिए जा रहे हैं। आवेदन में हस्ताक्षर में वास्तविक नहीं होते। इसके अलावा आवेदन पर सील तक नहीं होती। तब आवेदन लेने का क्या तात्पर्य? यह भी किसी को समझ नहीं आ रहा है।

## रंजिश के चलते पीटा, 3 पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया। बूढ़ा निवासी मोहित पिता मदनलाल साहू ने बूढ़ा चोकी पर शिकायत दर्ज कराई कि 1 फरवरी 2024 को एबीवीपी के धरने में नही गया, इसी बात पर रंजिश के चलते उमेश पिता र मेशचन्द पंवार, उत्तमसिंह पिता प्रहलादसिंह व अंकित सुथार ने गाली-गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने केस दर्ज किया।



## भाजपा में नहीं जा रहे नाथ पिता-पुत्र



### सज्जन सिंह वर्मा ने साफ की तस्वीर

**भोपाल, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और नकुलनाथ के भाजपा में जाने की अटकलों पर विराम लग गया है। कमलनाथ के करीबी नेता और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा का कहना है कि कमल नाथ और नकुल नाथ भाजपा में नहीं जा रहे हैं।

दिल्ली में मीडिया से चर्चा में सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि कमल नाथ सभी पदों पर रह चुके हैं। उनके भाजपा में जाने जैसी कोई बात ही नहीं थी। वहीं नकुल नाथ को लेकर उन्होंने कहा कि नकुल नाथ भी भाजपा में नहीं जा रहे हैं, वे कांग्रेस के टिकट पर छिंदवाड़ा से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे।

### दो दिन से दिल्ली में हैं कमल नाथ...

बता दे कि कमल नाथ पिछले दो दिन से दिल्ली में डेरा जमाए हुए है। आज उन्होंने कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक भी। साथ ही चर्चा है कि वे मीडिया से चर्चा भी कर सकते हैं।

## पुतले बनवाकर इंतजार कर रहे थे कांग्रेस नेता, कब 'वो' भाजपा में जाएं और हम इन्हें जलाएं

**देवास, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कांग्रेस नेताओं के भाजपा में जाने की अटकलों के बीच देवास में भी सियासी माहौल गर्मा गया। यहां दो दिन से इंटरनेट मीडिया पर स्थानीय नेताओं को लेकर अटकलें चलती रहीं। इनमें पूर्व मंत्री सज्जनसिंह वर्मा और दीपक जोशी की भाजपा में वापसी की बातें होती रहीं। यह भी कहा गया कि इन नेताओं के समर्थक भी भाजपा का दामन थाम सकते हैं। इसके बाद कांग्रेस के ही कुछ नेताओं ने इनके पुतले जलाने की तैयारी कर ली। रविवार शाम तक इंतजार किया कि कब कांग्रेस नेता भाजपा का दामन थामे और कब वे पुतले जलाएं।

कांग्रेसियों ने पुतले बनाकर भी रख लिए थे। लेकिन, रविवार देर शाम तक दिल्ली से कोई अपडेट नहीं आया तो इधर-उधर फोन करके पूछने लगे की जा रहे हैं कि नहीं...। दरअसल, पूर्व सीएम कमल नाथ व बेटे नकुलनाथ के पीएम नरेन्द्र मोदी के साथ फोटो इंटरनेट मीडिया में बहुप्रसारित हुई। इसके बाद दिल्ली में 17-18 को हुए भाजपा के अधिवेशन में कांग्रेस नेताओं के भाजपा में शामिल होने की खबरें चलती रहीं।

यह भी कहा गया कि कमल नाथ और बेटे नकुल नाथ के साथ ही मालवा-निमाड़ के कई कांग्रेस नेता भाजपा में जा सकते है। जिनमें वर्तमान व पूर्व विधायकों के नामों की अटकलें चली। देवास के लिहाज से पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा और भाजपा से कांग्रेस में गए दीपक जोशी के दोबारा भाजपा में आने के कयास लगाए गए। इन कयासों ने इसलिए भी जोर पकड़ा, क्योंकि दोनों ही नेताओं ने अपने इंटरनेट मीडिया अकाउंट के बायो से कांग्रेस का चुनाह चिह्न हटा दिया।

पूर्व मंत्री वर्मा ने तो रविवार को एक पोस्ट भी कि जिसमें श्रीराम की बातें कही। इसके बाद से ही दिनभर अटकलें चलती रहीं। लेकिन, देर शाम को जब वर्मा का बयान आया कि ऐसा कुछ नहीं है तो सबके सुर बदलने लगे।

### इंटरनेट मीडिया पर सुनाई खरी-खोटी...

कांग्रेस नेताओं के भाजपा में जाने की खबरों के बीच देवास के कुछ कांग्रेस नेता पुतला जलाने की तैयारी में जुटे। कांग्रेस के एक नेता ने इंटरनेट मीडिया में वीडियो प्रसारित कर ऐसे नेताओं को खरी-खोटी भी सुनाई। कांग्रेसियों की योजना थी कि भाजपा ज्वाइन करते ही एबी रोड पर पुतला जलाएंगे। शाम 5 बजे तक इंतजार करते रहे, लेकिन काफी देर बाद भी कोई अपडेट नहीं आया तो इधर-उधर फोन कर पूछने लगे। बाद में मायूस होकर लौट गए और पुतले रखे रह गए।






# भारत के स्वर्णिम इतिहास में शिवाजी का योगदान अतुलनीय

## सामाजिक प्रतिभाओं व विद्यार्थियों का किया सम्मान

**नीमच, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** क्षत्रिय मराठा समाज नीमच के तत्वाधान में मराठा समाज के महान वीर योद्धा छत्रपति शिवाजी जयंती महोत्सव का शुभारंभ 19 फरवरी को सुबह तुलजा भवानी मंदिर में पूजा अर्चना पुष्प अर्पित कर तथा शिवाजी के चित्र पर माल्यार्पण सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ किया गया। सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों व शिवाजी जयंती महोत्सव की पावन श्रृंखला में 19 फरवरी सोमवार सुबह 9:30 बजे पिपली चैक नीमच सिटी स्थित शिवाजी प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात वाहन रैली का शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर श्रीमती उषा दलवी ,सुश्री सरिशा जाधव ,सुश्री मिताली जाधव , श्रीमती रश्मि राव ने तलवार की विभिन्न कलाबाजियों का हैरत अंग्रेज प्रदर्शन किया।इसका सभी समाज जनों ने करतल ध्वनी से स्वागत किया।वाहन रैली नीमच सिटी, सांवरिया मंदिर, बस स्टैंड, फव्वारा चैक, कमल चैक विजय टॉकीज चैराहा, अजमीड़ जी चैराहा आदि प्रमुख मार्गो से होते हुए एलआईसी चैराहा के समीप चोरडिया अस्पताल के पीछे माता तुलजा भवानी मंदिर पर पहुंचकर विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में परिवर्तित हो गई। रेली में सबसे आगे समाज के युवा शिवाजी के चित्रअंकित ध्वज लिए चलायमान थे। इसके साथ ही समाज जन हाथों में शिवाजी ध्वज लिए महिला पुरुष दो पहिया व चार पहिया वाहनों पर सवार थे। महिलाएं जीजाबाई के परिधानों में सहभागी बनी। जीप रुपी रथ में शिवाजी के चित्र को फूल माला से श्रृंगारित किया गया । अनेक बच्चों ने रथ में शिवाजी एवं जीजाबाई का स्वांग रचकर अभिनय प्रस्तुत किया। रैली में उपस्थित समाज जनों का नीमच सिटी में भारत विकास परिषद के पदाधिकारीयों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत सम्मान किया गया।

इसके साथ ही सोमवार सुबह 11:45 बजे माता तुलजा भवानी की आरती सभी समाज जनों की उपस्थिति में की गई। तथा 12बजे वार्षिक कार्यक्रम आयोजित किए गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रतापगढ़ राजस्थान के समाजसेवी अशोक कुमार शर्मा ने कहा कि भारत के स्वर्णिम इतिहास में महान योद्धा शिवाजी का योगदान अतुलनीय है। शिवाजी की छापा मार युद्ध प्रणाली के कारण ही देश की आजादी का युग हम यह देख रहे हैं। इतिहासकार लोकेंद्र सिंह परिहार ने कहा कि मराठा शासको ने 178 साल तक मालवा में शासन किया था।तक्षशिला और नालंदा की आग में देश का स्वर्णिम इतिहास जल गया था।मराठा समाज नीमच के अध्यक्ष एडवोकेट रूपेश जाधव ने कहा कि नीमच आंचल एवं जिले के दूरस्थ ग्रामीण अंचल के प्रत्येक समाज जन को साथ लेकर टीम भावना के साथ समाज विकास का संकल्प पूरा करने में सभी का योगदान महत्वपूर्ण है। पत्रिका प्रकाशन में सभी समाज जनों का सहयोग अविस्मरणीय रहा है।इस पुस्तिका से समाज में नई क्रांति का सूत्रपात होगा।महंगाई के इस युग में धन समय एवं श्रम की बचत के उद्देश्य से विवाह योग्य युवक की युवतियों को अपने मनपसंद वर वधु चयन करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। समाज सचिव संभाजी राव ने कहा कि वर्तमान कार्यकारिणी ने सभी समाज जनों के सहयोग से नवरात्रि गरबा पर्व, वन विहार, शिवाजी जयंती जैसे सभी कार्यक्रम उत्कृष्ट समन्वय के साथ आयोजितत किए हैं। कार्यक्रम में समाज उपाध्यक्ष राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता रमेश मोरे, श्रीमती उषा दल्वी, रघुनाथ नवले भी मंचासिन अतिथि के रूप में विराजित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माता तुलजा भवानी एवं वीर योद्धा शिवाजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं प्रज्वजलित कर अतिथियों द्वारा किया गया। सर्वप्रथम सरस्वती वंदना श्रीमती वर्षा जाधव एवं सुश्री तनीषा शिन्धे ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम के मध्य में अतिथियों द्वारा समाज की 30 सामाजिक प्रतिभाओं तथा 30 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाजजनो की पारिवारिक जानकारी का आदान-प्रदान करने के उद्देश्य से मांझा कुटुंब पत्रिका का विमोचन किया गया।शिवाजी जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित ड्राइंग रंगोली प्रतियोगिता में विजेता उपजेता सांत्वना पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। तुलजा भवानी मंदिर पर आयोजित कार्यक्रमों में क्षत्रिय मराठा समाज के अध्यक्ष एडवोकेट रूपेश जाधव, रैली संयोजक शैलेंद्र देवधर, सचिव संभाजी राव जाधव, आनंद नवले ,मार्तंड राव जाधव ,लखन शिंदे, विनोद नवले, आशीष शिंदे, सुरेश बाबूराव जाधव,कमल शिंदे ,संजय पंवार ,चंद्र प्रकाश शिंदे, विजय राव जाधव, शरद पंवार, हेमंत शिंदे, संदीप पंवार, अशोक दलवी, शिवाजी जयंती रैली संयोजक आनंद नवले, संदीप राव पंवार , कार्यक्रम संयोजक शैलेंद्र देवधर, उत्सव मिलन समारोह संयोजक इंद्रेश जाधव,महिला ,सह सचिव निर्मला जाधव, रचना नवले, रश्मि जाधव,नेहा रोहित जाधव वर्षा पंवार, पुष्प लता नवले, गीता नवले, सुधा विनोद नवले,संतोष कदम वंदना जाधव ,दुर्गा दलवी, संगीता चैहान, जय श्री जाधव, शरद राव, राजश्री मराठा, सुधा जाधव,कोषाध्यक्ष मंगेश राव दल्वी आदि क्षेत्र के मराठा समाज जन शिवाजी जयंती कार्यक्रमों में सहभागी बने। कार्यक्रमों में सभी समाज के पुरुष श्वेत परिधानों में तथा महिलाएं हरे लाल परिधानों में साफा सिरोधार्य किये सहभागी बनी। इस अवसर पर जय शिवा सरदार की, जय राणा प्रताप की तुलजाभवानी मां की जय घोष लगाई गई। कार्यक्रम में निंबाहेडा, छोटी सादडी, जीरन, कुचडोद मोडी, आदि नीमच जिले से बड़ी संख्या में समाज जन सहभागी बने। समाज के राजेंद्र राव सांभा राव, मनोहर चैहान, गणपत राव , आर मल्हार आदि दिवंगतों की स्मृति में भावांजलि दी गई।कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र देवधर ने किया तथा आभार विनोद नवले ने व्यक्त किया।

# पटवारी पद के लिए चयनित अभ्यर्थियों की नीमच में काउंसलिंग 24 को

**नीमच, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** म.प्र.कर्मचारी चयन मण्डम व्दारा पटवारी भर्ती परीक्षा 2022 का परिणाम जारी कर दिया गया है। परिणाम मण्डल की वेब साईड https://esb.mp.gov.in पर उपलब्ध है। इस परीक्षा के संबंध में नीमच जिले के लिए चयनित सभी 64 अभ्यर्थियों की काउंसलिंग कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं एडीएम सुश्री नेहा मीना के निर्देशन में शासकीय स्वामी विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनासा रोड नीमच पर 24 फरवरी 2024 को आयोजित की जा रही है। काउंसलिंग संबंधी विस्तृत दिशा निर्देश एमपी ऑनलाईन के पोर्टल https://prc.mponline.go.in पर उपलब्ध है। इस लिंक पर जाकर अभ्यर्थी अपना प्रोफाईल क्रिएट कर अपने दस्तावेज अपलोड कर सकते है।

काउंसलिंग में शामिल होने के लिए सभी 64 अभ्य र्थियों का व्हाटसअप ग्रुप बनाकर, उन्हें सूचना दी गई है। साथ ही ई-मेल, मोबाईल कॉल एवं सूचना पत्र के माध्य म से भी सभी अभ्येर्थियों को काउंसलिंग के संबंध में सूचित किया गया है। यह जानकारी देते हुए भू-अभिलेख प्रभारी अधिकारी सुश्री प्रीति संघवी ने बताया कि पटवारी भर्ती परीक्षा में चयनित अभ्यूर्थियों के जाति प्रमाण पत्र, विकलांगता का प्रमाण पत्र एवं अन्यी दस्तातवेजों के सत्या पन के लिए कलेक्टीर एवं एडीएम के निर्देशन में पृथक-पृथक समितियां गठित की गई है। संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रीति संघवी ने नीमच जिले के लिए चयनित पटवारी पद के अभ्य र्थियों को अपने मूल दस्तोवेज एवं उनकी दो स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ 24 फरवरी 2024 को शासकीय स्वामी विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनासा रोड नीमच पर आयोजित काउंसलिंग में उपस्थित होने के लिए सूचित किया है। यदि अभ्योर्थी निर्धारित तिथि को उपस्थित ना होकर, काउंसलिंग में शामिल नहीं होता है, तो उक्त पद को रिक्त माना जाकर, अभ्यर्थी की उम्मीदवारी जिले के लिए निरस्त मानी जावेगी। उन्होने सभी चयनित पटवारी अभ्यर्थियों से अपने सभी दस्तावेजों के साथ शासकीय स्वामी विवेकानन्द स्नातकोत्ततर महाविद्यालय मनासा रोड नीमच पर आयोजित काउंसलिंग में भाग लेने का आग्रह किया है।

### पटवारी भर्ती परीक्षा-2022 का परिणाम जारी

**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रमुख सचिव राजस्व श्री निकुंज श्रीवास्तव ने बताया है कि कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा पटवारी भर्ती परीक्षा-2022 का परिणाम अंतिम रूप से जारी कर दिया गया है। परिणाम कर्मचारी चयन मण्डल की वेबसाइट https://esb.mp. gov.in पर उपलब्ध है। इस परीक्षा के संबंध में चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग अभ्यर्थी को आवंटित जिले में 24 फरवरी, 2024 को आयोजित की जायेगी। प्रमुख सचिव ने बताया है कि परीक्षा परिणाम के संबंध में अभ्यर्थियों को पृथक से एसएमएस/ई-मेल/ सूचना-पत्र द्वारा भी सूचित किया जा रहा है। इसके लिये काउंसलिंग संबंधी विस्तृत दिशा-निर्देश एमपी ऑनलाइन के पोर्टल https://prc. mp online. gov.in पर उपलब्ध हैं। इस लिंक पर जाकर अभ्यर्थी अपना प्रोफाइल क्रियेट कर अपने दस्तावेज अपलोड करें। प्रमुख सचिव ने बताया है कि चयनित अभ्यर्थी अपने मूल दस्तावेज 2 स्व-प्रमाणित प्रतियों केसाथ लेकर 24 फरवरी, 2024 को समय पर आवंटित ज़िले में काउंसलिंग स्थल पर उपस्थित होना सुनुश्चित करें। यदि अभ्यर्थी निर्धारित काउंसलिंग दिनांक को उपस्थित नहीं होते है, तो उस पद को रिक्त माना जाकर अभ्यर्थी की उम्मीदवारी निरस्त मानी जायेगी।

# जामलिया भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख बनाए



**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय मजदूर संघ मध्यप्रदेश का प्रांतीय अधिवेशन 17 व 18 फरवरी को महाकाल की नगरी उज्जैन में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन में प्रदेश भारतीय मजदूर संघ के नवीन पदाधिकारियों व कार्यकारिणी का दायित्व सौंपे गए।

जिसमें कर्मचारी हितेशी, कर्मचारीयों/मजदूरों के हितो के लिए आवाज बुलंद करने वाले साथी कर्मचारीयो के प्रिय बिजली कर्मचारी महासंघ मन्दसौर के जिलाध्यक्ष श्री गोपाल जामलिया को मन्दसौर-नीमच विभाग का विभाग प्रमुख का दायित्व सौंपा गया। इससे कर्मचारीयो में हर्ष की लहर दौड़ गई । सभी इष्ट मित्रो ने श्री जामलिया को बधाई एवं शुभकामनाये दी है। बधाईकर्ताओं में भारतीय मजदूर संघ जिला मन्दसौर के अध्यक्ष राकेश शर्मा, मध्यप्रदेश नगरपालिक संचालनालय एव स्थानीय संस्थाऐ कर्मचारी महासंघ भोपाल के संरक्षक अशोक रामावत, बिजली कर्मचारी महासंघ के प्रदेश सचिव महेन्द्र मोड़, कार्यकारी जिलाध्यक्ष भूपेश पाण्डे, भारतीय मजदूर संघ जिला मन्दसौर के जिला मंत्री चन्द्रकान्त शर्मा, मेसूल डामोर, कोषाध्यक्ष श्रीमति बबीतासिंह चौहान,उपाध्यक्ष कैलाश पुरोहित, सहमंत्री श्रीमति रानू पड़ियार, सहमंत्री गोपाल व्यास, बी.आर वर्मा, दिनेश बघेरवाल, कार्यालय मंत्री पंकज मण्डलोई, आंगनबाडी कार्यकर्ता एव सहायिका संघ जिलाध्यक्ष श्रीमति गायत्री बैरागी, श्रीमती गंगा जैन, सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ जिलाध्यक्ष नन्दकिशोर धाकड़, सेवानिवृत्त एव पेन्शनर नागरिक महासंघ मन्दसौर जिलाध्यक्ष श्रवणकुमार त्रिपाठी, आशा उषा कार्यकर्ता महासंघ संघ प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमति भारती सोलंकी, स्वस्थ संविदा कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष विपिन सक्सेना, अध्यापक संघ अध्यक्ष प्रमेन्द्रसिंह चौहान, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी संघ पीडब्ल्यूडी के अध्यक्ष भंवरलाल धनगर, नगरपालिका कर्मचारी महासंघ के मल्हारगढ के अध्यक्ष ललित राठौर, असंगठित के अध्यक्ष प्रशांत आदि ने श्री गोपाल जामलिया को बधाई व शुभकामनाये दी है। यह जानकारी भूपेश पाण्डे ने दी।

# भारतीय पत्रकार संघ मंदसौर जिला कमेटी का गठन

## जिला अध्यक्ष पंडित दशरथ शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अंकित बंसल, ओम बारोदिया





**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** एक्शन ऑफ जर्नलिस्ट राष्ट्रीय संगठन भारतीय पत्रकार संघ। प र के राष्ट्रीय संरक्षक पंडित जगदीश चंद्र शर्मा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सोनवणे राष्ट्रीय महासचिव विनोद सोलंकी प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा की सहमति पर प्रदेश महासचिव मनीष शर्मा के द्वारा मंदसौर जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया है मंदसौर जिला संरक्षक। ए, एस मगवा गरोठ प्रकाश बंसल पिपलिया मंडी संजय वर्मा मंदसौर जिला अध्यक्ष पंडित दशरथ शर्मा जिला उपाध्यक्ष अंकित बंसल ओम बारोदिया जिला सचिव जितेंद्र कुमावत जिला प्रवक्ता राकेश सेन सम्राट जिला मीडिया प्रभारी आदित्य जोशी मंदसौर तहसील अध्यक्ष हर्षवर्धन शर्मा मंदसौर तहसील उपाध्यक्ष अंकित सोनी गरोठ तहसील अध्यक्ष रमेश सोनी शामगढ़ भानपुरा तहसील अध्यक्ष साहिल अगवान सीतामऊ तहसील भूपेंद्र परिहार सुवासरा-तहसील अध्यक्ष अमार अली बोहरा मल्हारगढ़ तहसील अध्यक्ष ऋषभ दक दलौदा तहसील अध्यक्ष राजकुमार जैन नगरी की नियुक्ति की गई है भारतीय पत्रकार संघ के सभी नव नियुक्त सदस्यों को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं अपने संगठन की मजबूती को बढ़ाते हुए पत्रकारों की हित की लड़ाई को निरंतर लड़ना है आपसे यही आशा संगठन को समस्त जानकारी मीडिया प्रभारी आदित्य जोशी के द्वारा दी गई।

### उप मुख्यमंत्री देवड़ा हायर सेकेंडरी स्कूल भवन का करेंगे भूमि पूजन



**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** अपर कलेक्टर मंदसौर द्वारा बताया गया कि मध्य प्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा 20 फरवरी को भोपाल से प्रस्थान कर मंदसौर आएंगे। दोपहर 2 बजे लसूड़िया राठौड़ में हायर सेकेंडरी स्कूल भवन का भूमि पूजन करेंगे।

# श्रीमती लीला बाई को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना ने रोजगार प्रदान किया

**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर शहर एमआईटी चौराहे की रहने वाली श्रीमती लीलाबाई को पीएम स्वनिधि योजना ने रोजगार प्रदान किया है। लीलाबाई कहती है कि एक समय था जब में रोजगार के लिए इधर-उधर भटकती थी। स्थाई तरीके से कोई भी काम नहीं मिल पा रहा था। ऐसी स्थिति में बच्चों को पढ़ाना, घर का खर्चा चलाना बहुत मुश्किल कार्य होता था। मन में कब से सब्जी का ठेला लगाने का सोच रखा था लेकिन पैसे नही होने के कारण ये काम नही कर पा रही थी। लेकिन मुझे नगरपालिका के माध्यम से यह जानकारी मिली की, पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से इस कार्य को पूरा किया जा सकता है। इसके लिए हमने आवेदन दिया और मुझे स्वनिधि योजना के माध्यम से 20 हजार की राशि प्राप्त हुई। अब में सब्जी का ठेला बहुत अच्छे से चला रही हूं। सब्जी बेचकर में पूरे घर परिवार को चलाने में समर्थ हूं। मेरे बच्चे भी बहुत अच्छे स्कूल में पढ़ रहे हैं। अब में इसको और बड़ा रूप दूंगी।





# आचार्य श्री को नम आंखों से दी विनयांजलि

**भानपुरा, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** 18 फरवरी 2024 कैथुली अतिशय क्षेत्र में आचार्य श्री की संलेखना पूर्व समाधि होने पर बघेरवाल दर्पण के संपादक श्री सुभाष सेठिया इंदौर, सह संपादक श्री अमित हरसोला भानपुरा ,श्रीमती प्रमिला जैन, जिला सहकारी बैंक मंदसौर के एमडी श्री अरुण हरसोला, रामगंजमंडी के बघेरवाल रत्न श्री सुरेश जी बाबरिया दोतडावाले, केंद्रीय अध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जी जैन भीलवाड़ा, मालवा प्रान्त के अध्यक्ष श्री जैनेंद्र कुमार सावला, पारस हरसोला एवं अनेक सदस्यो ने आचार्य श्री को विनयनांजलि दी। पूरे समाज में अंधकार छाकर सूर्यास्त हो गया ।आचार्य श्री ने अनेक दीक्षाए दी, चिरकाल तक कठोर तपस्या कर जैनत्व की रक्षा करते हुए परम निर्वाण की प्राप्त हुए। श्री सुरेश जी बाबरिया ने भक्ति कविता के माध्यम से विनयांजलि प्रकट की। हम सभी परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करते हैं की इनकी आत्मा जो निश्चित रूप से उच्च देवगति को प्राप्त हुई है, आने वाले भवो में पुन: मनुष्य गति की प्राप्ति हो और यहां से मोक्ष को गमन करे।

### जुआ खेलते 3 धराए

**पिपलियामंडी, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने जुआ खेलते हुए तीन आरोपियों को पकड़ा। पिपलिया पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उजागरिया तालाब के पास ताशपत्ती से जुआ खेलते हुए मुलतानपुरा निवासी मुजफ्फर पिता रशीद अलदाद नियारगर व फरियाद पिता मंगतू सुन्नी, बोतलगंज निवासी सलीम पिता मुबारिक नियारगर को पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से नकदी व ताशपत्ती जब्त की।

# आयुष्मान कार्ड वितरण में जिला प्रदेश के टॉप 5 जिलों में शामिल

**नीमच, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद के अथक प्रयासों से आयुष्मान निरामय भारत योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य 5 लाख 41 हजार 110 आयुष्मान कार्ड बनाने के लक्ष्य विरूद्ध नीमच जिले में 5 लाख 20 हजार 227 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए है। जो निर्धारित लक्ष्य का 96.27 प्रतिशत है। इस तरह नीमच जिला आयुष्मान कार्ड बनाने के मामले में प्रदेश के टॉप 5 जिलों में शामिल हो गया है। कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद ने जिले को हांसिल इस उपलब्धि का श्रेय पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आशा, आंगनवाडी कार्यकर्ता, एएनएम एवं ग्राम स्तरीय अमले तथा स्वाथ्स्य विभाग की टीम को दिया है। जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद ने बताया कि कलेक्टर श्री दिनेश जैन के मार्गदर्शन मं जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु प्रति शनिवार, रविवार को प्रति सप्ताह चलाये गये विशेष अभियान के तहत ग्राम स्तरीय अमले व्द्वारा घर-घर जाकर आयुष्मा न कार्ड बनाए गए है। परिणाम स्वरूप नीमच जिला आयुष्मान कार्ड बनाने में प्रदेश के टॉप 5 जिलों में शामिल हो पाया है। टॉप 5 जिलों में क्रमश: इंदौर, ग्वोलियर, उज्ञैन, मंदसौर जैसे बडे जिलों के साथ ही नीमच जिला भी 96 प्रतिशत से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाकर टॉप 5 जिलों में शामिल हो गया है। यह अपने आप में एक बडी उपलब्धि है।

# कपिलधारा कूप से मिली खेतों में सिंचाई की सुविधा, बढ़ी आमदनी

## दो फसलों का उत्पादन कर आत्मनिर्भर बने किसान कमल व उदयराम



**नीमच, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कपिलधारा कूप निर्माण से किसानों की आमदनी में भी काफी बढोतरी हुई है। अब सिंचाई की सुविधा मिल जाने से किसान, वर्षा आधारित एक फसल लेने की बजाए अब दो फसले लेकर अपना उत्पाादन बढा रहे है और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रहे है।

जिला मुख्य्लय नीमच से लगभग 65 किलोमीटर दूर मनासा जनपद के ग्राम तलाऊके किसान कमल पिता भोना एवं ग्राम मान्याचखेडी के किसान उदयराम-भोनीशंकर के खेतों में 2.42 लाख रूपये प्रति कूप के मान से कपिलधारा कूप का निर्माण हो जाने से इन किसानों की आर्थिक स्थिति में काफी बदलाव आया है। म.न.रे.गा. योजना के तहत कमल तथा उदयराम के खेतों में कूप निर्माण के कार्य में उन्हें और उनके परिवार के सदस्योंन को रोजगार तो मिला ही, साथ ही सिंचाई के लिए कूप का निर्माण भी हो गया। पहले यह किसान अपनी असिंचित कृषि भूमि में केवल बारिश में ही फसल ले पाते थे। शेष दिनों में किसान व उनके परिवार के सदस्य अन्यर किसानों के खेतों में मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रहे थे। कपिलधारा कूप का निर्माण हो जाने से अब वे खरीफ के साथ ही रबी में भी गेहूं, लहसून, सरसों, ईसबगोल, अलसी आदि फसलों का उत्पाथदन लेने लगे है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति में भी काफी सुधार हुआ है। अब इन किसानों के परिवारों के सदस्योंा को सिंचाई सुविधा मिल जाने से अपने खेत में काम करने से ही फुर्सत नहीं मिलती। अब उन्हेंथ दूसरों के यहां मजदूरी करने की भी जरूरत नहीं रही। इस तरह कपिलधारा कूप निर्माण से किसान परिवारों की आमदनी बढी है और वे आर्थिक रूप से आत्मिनिर्भर हुए है।

# आंगनवाड़ी भवन के अधूरे निर्माण कार्य तत्काल पूरा करवाये-जैन



**नीमच, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम पंचायत क्षेत्रों में आंगनवाडी केन्द्र के भवन निर्माण कार्य तत्काल पूर्ण करवाये। शेष रहे पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड भी अविलम्ब बनवाएं। स्वामित्व योजना के तहत शेष कार्यवाही पूर्ण कर, पात्र आवासहीनों को भू-अधिकार अभिलेख वितरित करवाये। यह निर्देश कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में ई-जनसुनवाई करते हुए ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिवों एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिए। ई-जनसुनवाई में कलेक्टर ने नीमच क्षेत्र की ग्राम पंचायत केलुखेडा, सिरखेडा, नेवड, सोनियाना एवं मुंडला के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद कर,ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित जिला अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर श्री जैन ने मुण्डंला पंचायत के ग्रामीणों की मांग पर क्षेत्र के चारों गॉवों में आंगनवाडी केन्द्र भवन निर्माण के लिए भूमि चिहिंत कर, ग्राम पचांयत से भवन निर्माण के प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिए। ग्रामीणों द्वारा ट्रासंफार्मर की क्षमता बढाने की मांग पर विद्युत लोड का आंकलन कर, कार्यवाही करने के निर्देश विद्युत विभाग के अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने सोनियाना के सरपंच सचिव को अधूरे पडे आंगनवाडी केन्द्र भवनों को तत्काल पूरा करवाने के निर्देश दिए। उन्हो ने सोनियाना में आंगनवाडी केन्द्रो के सभी बच्चौं के आधार कार्ड बनाने के निर्देश भी आंगनवाडी कार्यकर्ता को दिए। कलेक्टर ने सिरखेडा के ग्रामीणों की मांग पर ठिकरिया डेम के डूब क्षेत्र में स्थित सरकारी जमीन पर खेल मैदान का प्रस्ताव तैयार कर, भेजने के निर्देश भी सचिव को दिए। उन्होने शांतिधाम पर जल संसाधन विभाग द्वारा डाले गये मटेरियल को हटाने ओर समतलीकरण करवाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने पीएम किसान सम्मीन निधि का लाभ मिलने, किसानों के ई-केवायसी, आंगनवाडी में बचो को भोजन वितरण, आयुष्मान कार्ड वितरण, टी.बी. रोगियों को फुड बास्काकेट वितरण, वृद्धावस्था एवं दिव्याग पेंशन,पेयजल, राशन दुकान से राशन वितरण, जीर्णशीर्ण भवनों के संबंध में जानकारी भी प्राप्त की।

# मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 20 | 2178 | 2350 |
| उडद | 22 | 4780 | 7680 |
| सोयाबीन | 2458 | 3941 | 4621 |
| गैहु | 2359 | 2015 | 3205 |
| चना | 177 | 4800 | 5525 |
| मसुर | 514 | 5200 | 5790 |
| धनिया | 1062 | 4750 | 6200 |
| लहसुन | 19700 | 7000 | 17000 |
| मैथी | 169 | 5051 | 6001 |
| अलसी | 640 | 4740 | 5075 |
| सरसो | 2525 | 3780 | 4800 |
| तारामीरा | 000 | 000 | 000 |
| इसबगोल | 1 | 10600 | 10600 |
| प्याज | 281 | 753 | 2380 |
| कलोंजी | 23 | 12000 | 16872 |
| डॉलर | 1 | 14690 | 14690 |
| तिल्ली | 2 | 11711 | 13600 |
| मटरसुखी | 9 | 4399 | 4900 |
| असालीया | 314 | 5671 | 7300 |

# मुख्यमंत्री करेंगे 50वें खजुराहो नृत्य महोत्सव का शुभारंभ

## यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल खजुराहो में विश्वविख्यात नृत्य समागम आज से, 26 फरवरी तक कलारसिक अनुभव करेंगे

## भारतीय शास्त्रीय नृत्य की सुदीर्घ परम्परा, कथक कुंभ में 1500 से अधिक कलाकार बनाएंगे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

**भोपाल, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल खजुराहो में विश्वप्रसिद्ध सात दिवसीय नृत्य समागम 'खजुराहो नृत्य समारोह' के 50वें संस्करण का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम 20 फरवरी, 2024 को शाम 4:30 बजे से प्रारंभ होगा। इस अवसर पर सांसद खजुराहो श्री वी.डी. शर्मा विशिष्टअतिथि के रूप में, संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उल्लेखनीय है कि संस्कृति विभाग अंतर्गत उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद, भोपाल द्वारा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, मध्यप्रदेश पर्यटन एवं जिला प्रशासन — छतरपुर के सहयोग से 20 से 26 फरवरी, 2024 तक आयोजित किया जा रहा है।



विश्वप्रसिद्ध खजुराहो नृत्य महोत्सव के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर स्मरणीय बनाने के लिए मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा 'कथक कुंभ' का आयोजन शुभारंभ अवसर पर किया जा रहा है। इसमें लगभग 1500 से अधिक कलाकार कथक नृत्य की समवेत प्रस्तुति केसाथ नया 'विश्व रिकॉर्ड' बनाने का प्रयास किया जावेगा। यह तृतीय अवसर होगा जब संस्कृति विभाग द्वारा विश्व रिकॉर्ड निर्मित किया जाएगा। गौरतलब है कि इसके पूर्व उज्जैन में विभाग द्वारा 11 लाख 71 हजार 78 दीप प्रज्ज्वलन, ग्वालियर तानसेन समारोह में ताल दरबार के तहत 1500 तबला वादकों की प्रस्तुति के माध्यम से भी विश्व रिकॉर्डअपने नाम किया जा चुका है।

शुभारंभ अवसर पर राज्य रूपंकर कला पुरस्कार-2024 भी प्रदान किए जावेंगे।खजुराहो नृत्य महोत्सव में पद्म विभूषण और पद्मश्री कलाकारों की प्रस्तुतियां यादगार रहेंगी। पद्मश्री रंजना गौहर की मनमोहक कथक प्रस्तुति के साथ 20 फरवरी को शुरू हुआ यह सफर 26 फरवरी को पद्म विभूषण डॉ. सोनल मानसिंह के नाट्य कथा 'मीरा' पर समाप्त होगा। यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल- खजुराहो मंदिर समूह में भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैलियों पर केंद्रित यह देश का शीर्षस्थ समारोह है। सभी प्रमुख शास्त्रीय नृत्य शैलियों जैसे भरतनाट्यम, ओडीसी, कथक, मोहिनीअट्टम में लोकप्रिय एवं गुणी कलाकार शास्त्रीय नृत्यों के समृद्ध सांस्कृतिक संसार को प्रस्तुत करेंगे। समारोह के पहले दिन 20 फरवरी, 2024 को सायं 6:30 बजे पद्मश्री रंजना गौहर और साथियों द्वारा ओडिसी समूह की मनमोहक प्रस्तुति के साथ समारोह की शुरुआत होगी। साथ ही दिल्ली की सुश्री सुधाना शंकर के भरतनाट्यम नृत्य की प्रस्तुति खजुराहो के मंदिरों के दिव्य वातावरण में भारतीय नृत्य संसारों की छवि बिखेरेंगी। दूसरे दिन 21 फरवरी, 2024 को शेंकी सिंह द्वारा कथक, पुणे की कलावर्धनी नृत्य कंपनी की सयाली काने द्वारा भरतनाट्यम समूह नृत्य, भुवनेश्वर की अरूपा गायत्री पांडा द्वारा ओडिसी और श्रीगणेश नृत्य कला मंदिर, मुंबई की मनाली देव द्वारा कथक समूह नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। समारोह का तीसरा दिन 22 फरवरी, 2024 पद्मश्री पुरु दाधीच, हर्षिता दाधीच एवं समूह के कथक समूह नृत्य के नाम रहेगा। इसके साथ साक्षी शर्मा द्वारा कथक, दिल्ली की कस्तूरी पटनायक द्वारा ओडिसी समूह नृत्य, केरल के विद्या प्रदीप द्वारा मोहिनी-अट्टम की प्रस्तुति दी जाएगी।समारोह के चौथे दिन 23 फरवरी, 2024 को पद्मश्री नलिनी कमलिनी और समूह द्वारा कथक समूह नृत्य, मौमिता घोष वत्स द्वारा ओडिसी नृत्य, मार्गी मधु और समूह द्वारा कोचि कुडिअट्टम त्रयी, सुचित्रा हरमलकर और साथी द्वारा कथक समूह नृत्य और रोशाली राजकुमार एवं समूह द्वारा मणिपुरी समूह नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। पांचवे दिन 24 फरवरी, 2024 को आराधना ओडिसी डांस फाउंडेशन के पंचानन भुआन द्वारा छाऊओडिसी समूह नृत्य, अमीरा पाटनकर एवं समूह द्वारा कथक नृत्य, राजश्री होल्ला और रेखा सतीश द्वारा कुचिपुड़ी युगल और अनु सिन्हा एवं समूह द्वारा कथक समूह नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। समारोह के छठवें दिन 25 फरवरी को पुणे की प्रेरणा देशपांडे द्वारा कथक, दिल्ली के पंडित राजेंद्र गंगानी द्वारा एकल कथक, बैंगलोर की नव्या नटराजन द्वारा भरतनाट्यम नृत्य और विधि नागर एवं साथियों द्वारा कथक समूह नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। महोत्सव का समापन पद्म विभूषण डॉ. सोनल मानसिंह के निर्देशन में नाट्य कथा 'मीरा' के साथ होगा। साथ ही राजश्री वरियार द्वारा भरतनाट्यम नृत्य, यास्मीन सिंह एवं समूह द्वारा कथक समूह नृत्य, कृपा फड़के एवं साथियों द्वारा मैसूर भरतनाट्यम समूह नृत्य और अनुराधा सिंह द्वारा कथक की मनमोहक प्रस्तुति दी जावेगी। नृत्य गतिविधियां प्रतिदिन सायं 6:30 बजे से प्रारंभ होंगी। खजुराहो नृत्य महासमागम में शास्त्रीय नृत्य, कला और संस्कृति पर केंद्रित विभिन्न गतिविधियां भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। भारतीय नृत्य शैलियों और कलायात्रा को प्रदर्शित करने के लिए नेपथ्य सहित विभिन्न गतिविधियाँ, कलावार्ता - कलाकारों के बीच संवाद, हुनर - देशज ज्ञान और कला परंपरा का मेला, वरिष्ठ चित्रकार शंकर शिंदे के कला अवदान पर आधारित चित्र प्रदर्शनी 'प्रणति', 'समष्टि: टेराकोटा और सिरेमिक राष्ट्रीय प्रदर्शनी-कार्यशाला', 'वर्तनी: अंतर्राष्ट्रीय छापाकला', 'लयशाला: उत्सव के दौरान महान गुरुओं के साथ शिष्यों का संगम और कार्यशाला' का आयोजन भी किया जावेगा।

**साहसिक गतिविधियां**–इसके साथ ही पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण के रूप में स्काई डाइविंग फेस्टिवल का आयोजन 20 से 25 फरवरी तक किया जा रहा है। इसका शुभारंभ खजुराहो एयरपोर्ट पर 20 फरवरी, 2024 को प्रात: 11 बजे किया जावेगा। यहाँ साहसिक प्रेमी 10 हजार फीट की उंचाई से खजुराहो के पुरातात्विक उत्कृष्टता के विरासत प्रतीकों को निहार सकेंगे। साथ ही कैंपिंग, विलेज टूर, वॉक विद पारधी, ई-बाइक टूर, सेगवे टूर और वॉटर स्पोटर्स भी पर्यटकों को नया अनुभव देने के लिए तैयार होंगे।



# संकल्प से सिद्धि का सुख अलौकिक होता है-आचार्य रामानुज

## श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर के सत्संग भवन का लोकार्पण हुआ

**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** धार्मिक नगरी मंदसौर संस्कारों की राजधानी है यहां सभी भगवदीय कार्य सफलता से सुचारू रूप से संपन्न होते हैं। श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर के शिखर पर स्वर्ण कलश का आरोहण हम सब की संकल्प की सिद्धि का सुख है जो बड़ा ही अलौकिक होता है।

यह विचार आचार्य श्री रामानुज ने श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर के सत्संग भवन के लोकार्पण समारोह में अपना सानिध्य प्रदान करते हुए व्यक्त किए। आपने कहा कि हमारे समर्पण की यह यात्रा श्री बालाजी महाराज तक पहुंची है वर्षों की साधना पूरी हुई है। ऐसा सौभाग्य पुण्य भूमि पर ही उदय होता है। श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर का परिसर साधना की श्रेष्ठतम स्थली है। ईश्वर की साधना करने वाला व्यक्ति उनके हृदय के नजदीक पहुंचता है। परमात्मा तक पहुंचाने का माध्यम ही पूज्य संत एवं गुरुवर हैं। अपने सत्संग की महिमा को प्रतिपादित करते हुए कहा कि अपने निज के अस्तित्व से जुड़ना ही सत्संग है सत्य के साथ संग को ही सत्संग कहते हैं यथार्थता की सुगंध सत्संग में होती है। यथार्थ के साथ जीना ही जीवन का मुख्य लक्ष्य होना चाहिए। आचार्य श्री रामानुज जी का स्वागत श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष पं. धीरेंद्र त्रिवेदी तथा ट्रस्टी गण, जयप्रकाश सोमानी, दिलीप कुमार जोशी अशोक गुप्ता, धन्नालाल भगत, गोपाल गोयल, तथा नगर के गणमान्य जन सर्व श्री राव विजय सिंह, राजेंद्र अग्रवाल प्रमोद पारीक, श्रीमती विद्या उपाध्याय डॉ. कुशल शर्मा, बंशीलाल टांक, डॉ. विजय शर्मा धारिया खेड़ी वाले, सचिन पारिख, राजेंद्र चाष्टा, पं. रामेश्वर शर्मा आदि ने किया। आरंभ में आचार्य श्री रामानुज ने फीता खोलकर सत्संग भवन का लोकार्पण किया। संचालन ब्रजेश जोशी ने किया आभार अशोक गुप्ता ने माना।

# चरित्र कांच की चुड़ी है, फूट गई तो फूटी कोड़ी है, सुने व सुनाईये अन्तर्गत काव्य गोष्ठी सम्पन्न

**पिपलियामंडी, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद नगर इकाई पिपलिया के तत्वाधान में सुनें व सुनाइये के अंतर्गत काव्य गोष्ठी का आयोजन साहित्यकार भगवती प्रसाद गहलोत के निवास पर हुआ। अतिथि कविगण लक्ष्मीनारायण कराड़ा, पंकज शर्मा तरुण, अंबालाल कारपेंटर थे, भगवती प्रसाद गेहलोत ने स्वरचित प्रार्थना हे शारदे मां प्रस्तुत कर गोष्ठी का शुभारंभ किया। अंबालाल कारपेंटर ने चरित्र पर कविता चरित्र कांच की चूड़ी है, फूट गई तो फूटी कौड़ी है, भंवरलाल सैनी ने नेता पर व्यंग्य रचना, वीआयपी जेल जाता है, सारी वीआयपी सुविधा पाता है, बालुराम कराड़ा ने हास्य फूलझड़ी छोड़ते हुए कहा, साबुत आयने को सब निहारते हैं, जब चटक जाता है तो सब बचकर निकलते हैं। रामेश्वर पाटीदार ने व्यास शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए सनातन धर्म की वैज्ञानिकता के बारे में प्रकाश डाला। राधेश्याम सैनी ने अपने अनुभव आधारित रचना पाठ करते हुए कहा ये मेरा है, ये तेरा है, ये छोटी सोच वाले करते हैं। सेवा निवृत पोस्ट मास्टर मोहनलाल राठौर ने अपने अयोध्या यात्रा के संस्मरण व नारकोटिक्स विभाग से सेवानिवृत इंस्पेक्टर हरिसिंह यादव ने प्रभु पत्नी दे तो एसी दे को लेकर हास्य रचना सुनाई। सुनील राठौर ने वसंत पंचमी पर, वाणी पियूष मय हो जाए, दिव्य सुधा रस बरसाये, पंकज शर्मा तरुण ने गोष्ठी को वासंती मय करते हुए दोहे गायन, सतरंगी मन मोहना स्वागत है, ऋतुराज से रंग बिखेरा, लक्ष्मी नारायण कराड़ा ने मालवी कविता मने कदी नई देखीजी रेल भवंरजी आज वतई दो जी, भगवती प्रसाद गेहलोत ने पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कविता, दुश्मन सामने ताल ठोकता, मान मर्दन उसका करता, मां का मस्तक उंचा रखता, वीर जवान इस देश का, राजेन्द्र कैथवास ने खेती-वाड़ी पर हास्य कथा सुनाई। कवि गोष्ठी के दो दौर हुए। अभा साहित्य परिषद के महामंत्री पद पर पंकज शर्मा तरुण का मनोनयन होने पर स्वागत किया। सुप्रसिद्ध कवि दादा बालकवि बैरागी, पुलवामा के शहीदों की पुण्यतिथि व मंदसौर के कवि स्व. हरिकृष्ण बड़ोलिया को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने राष्ट्रीय विचारक इंद्रेश कुमार का जन्मदिवस मनाया

**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, अनेक संस्थाओं के साथ मुस्लिम राष्ट्रीय मंच संस्थापक राष्ट्रीय, एकता अखंडता के प्रतीक, हिंदू मुस्लिम एकता के सूत्रधार, राष्ट्रीय विचारक श्री डॉ. इंद्रेश कुमार का जन्मदिवस मुस्लिम राष्ट्रीय मंच प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री शाकिर हुसैन गढवी एवं मुस्लिम राष्ट्रीय मंच जिला संयोजक शकील खान नूरानी के नेतृत्व में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री अजीजुल्लाह खान खालिद की अध्यक्षता में राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ जिलाध्यक्ष जुल्फिकार अली शाह के आतिथ्य में एवं भारतीय गौ रक्षा वाहिनी जिला मंत्री कुतुबुद्दीन बोहरा, भाजपा जिला मंत्री अखलाक रहमानी, खादिम साहब की उपस्थिति में मंदसौर के कालाखेत स्थित हजरत गुलशन सैयद साहब रहमतुल्लाह अलय के आस्ताना ए मुबारक पर चादर पेश कर मनाया देश एवं डॉ. इंद्रेश कुमार के दीर्घायु होने व उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना के साथ देश में अमन शान्ति के लिए दुआ की गई। कार्यक्रम का संचालन अब्दुल रशीद खान रोदेवाला ने किया व आभार भारतीय गौ रक्षा वाहिनी जिला मंत्री कुतुब उद्दीन ने माना।

# ऑल इंडिया फुटबॉल संघ और मप्र फुटबॉल संघ की बैठक संपन्न

**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश में फुटबॉल खेल को बढ़ावा देने और उसको अधिक से अधिक लोगों में लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से जबलपुर में ऑल इंडिया फुटबॉल संघ और मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ और मध्य प्रदेश के सभी जिला फुटबॉल संघों के पदाधिकारियों के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि ऑल इंडिया फुटबॉल संघ के अध्यक्ष श्री कल्याण जी चौबे थे। बैठक में मध्य प्रदेश में आगामी सत्र में फुटबॉल को बढ़ावा देने और और संघ में अधिक से अधिक नए खिलाड़ियों को जोड़ने के लिए सुझाव प्रस्तुत किए गए। इस बैठक में मध्य प्रदेश के सभी जिला फुटबॉल संघों के पदाधिकारी भी शामिल हुए थे। मंदसौर की तरफ से जिला फुटबॉल संघ के संयोजक श्री विपिन शर्मा ने इस बैठक में भाग लिया। मुख्य अतिथि श्री चौबे ने सभी लोगों को संबोधित करते हुए कहा की फुटबॉल को लोकप्रिय और अधिक से अधिक खिलाड़ियों को जोड़ने के लिए काफी मेहनत की जरूरत होगी और यह भी कहा कि आप सबको शहरी क्षेत्रों से बाहर निकल कर ग्रामीण क्षेत्रों में भी फुटबॉल स्पर्धाएं आयोजित करनी होगी जिससे वहां के होनहार खिलाड़ी भी बाहर निकल अपनी प्रतिभा को निखार सकें।

बैठक में प्रमुख पदाधिकारियों में श्री दिग्विजय सिंह (अध्यक्ष, म. प्र. ओलंपिक संघ), श्री आलोक चंसोरिया (कार्यकारी अध्यक्ष, म. प्र. फु. सं.), श्री वी.पी उषारिया (उपाध्यक्ष, म. प्र. फु. सं.), श्री अमित रंजन देब (सचिव म. प्र. फु. सं.), श्री कर्नल गौतम कार (पूर्व फीफा रेफरी), श्री एस. एच. ए. नकवी (पूर्व समिति सदस्य ए. आई. एफ.ए) तथा मध्य प्रदेश के सभी जिलों के सचिव और अध्यक्ष उपस्थित थे।






# मिलावट खाद्य सामग्री की जांच लगातार करें-कलेक्टर

**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक सुशासन भवन स्थित सभागृह में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने खाद्य विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में मिलावट खाद्य सामग्री की लगातार जांच करें। इसके लिए एक विशेष दल भी बनाएं, जो की लगातार कार्यवाही करें। इस कार्य में सभी एसडीएम विशेष तौर पर ध्यान दें। जिला आपूर्ति विभाग गैस स्टोर के भंडार को देखें तथा नियम अनुसार कार्यवाही करें। बैठक के दौरान डीएफओ श्री संजय, सभी जिलाधिकारी मौजूद थे।

## अवैध शराब सहित 4 धराए

**पिपलियामंडी, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने अवैध शराब के साथ आरोपियों को पकड़ा। नारायणगढ़ पुलिस ने 5 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब के साथ सोनगरा निवासी प्रकाश पिता रामलाल को, नाहरगढ़ पुलिस ने 5 लीटर शराब के साथ बिलाश पिता दयाराम को, मल्हारगढ़ पुलिस ने अलग-अलग मामलों में 16-16 क्वार्टर के साथ मनासा खुर्द निवासी नरबेसिंह पिता किशनसिंह व बोरखेड़ी निवासी शम्भूलाल पिता रामलाल को पकड़ा। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया।

# सुवासरा और शामगढ़ में नवीन ट्रेनों का स्टापेज स्वीकृत

## जोधपुर व छत्तीसगढ़ जाने वाले यात्रियों को मिलेगी सुविधा

**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सांसद सुधीर गुप्ता के प्रयास एक बार फिर रंग लाए है। रेलवे मंत्रालय द्वारा संसदीय क्षेत्र में दो नवीन ट्रेन का स्टॉपेज शामगढ़ व सुवासरा में स्वीकृत किया।



सांसद सुधीर गुप्ता रेलवे के विकास, नवीन ट्रेनों के स्टॉपेज सहित अन्य मांगो को लेकर लगातार दृढ़ संकल्पित रहते है और सदैव प्रयासरत रहते है। उनके प्रयास एक बार फिर रंग लाए। सांसद सुधीर गुप्ता द्वारा दो नवीन ट्रेनों 20813/20814 पुरी-जोधपुर एक्सप्रेस का शामगढ़ एवं 20843/20844 बिलासपुर भगत की कोठी एक्सप्रेस का स्टॉपेज सुवासरा में स्वीकृत किया गया। सांसद गुप्ता ने बताया कि इन ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा की जा रही थी जिसके लिए वे भी लगातार रेलवे के अधिकारियों के संपर्क में थे। सांसद गुप्ता ने कहा कि इन ट्रेनों के स्टापेज से जगन्नाथ पुरी, भुवनेश्वर जाने वाले यात्रियों को सीधी कनेक्टीविटी मिलेगी। वहीं जोधपुर तक जाने वाले यात्रियों को भी इस ट्रेन की सुविधा मिलेगी। वहीं ट्रेन संख्या 20843/20844 बिलासपुर भगत की कोठी एक्सप्रेस का स्टॉपेज सुवासरा में होने से छत्तीसगढ़ के साथ बिलासपुर, रायपुर व नागपुर, इटारसी, व नर्मदापुरम की ओर जाने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी। वहीं इस ट्रेन का लाभ जोधपुर एवं जयपुर जाने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी। सांसद गुप्ता ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार प्रकट किया।

# नोडल अधिकारियों एवं मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण सपन्न

**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए जिला स्तर पर पहला प्रशिक्षण नोडल अधिकारियों एवं जिले के मास्टर ट्रेनरों का आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मतदान एवं मतगणना की संपूर्ण प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए गए की वे अपने कार्य को अच्छे से करें तथा अपने कार्यों के बारे में अच्छे से अध्ययन करें। बैठक के दौरान सभी नोडल अधिकारी तथा मास्टर ट्रेनर मौजूद थे। प्रशिक्षण डॉ जेके जैन द्वारा दिया गया।



# गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के नईम शाह बने का प्रदेश अध्यक्ष

**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के संस्थापक डॉ. इंद्रेश कुमार एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सिंह सेंगर द्वारा मंदसौर के समाज सेवा और सामाजिक कार्य में सक्रिय नईम शाह को राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ (मुस्लिम प्रकोष्ठ) के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सिंह सेंगर द्वारा नईम शाह की यह नियुक्ति संगठन हित व गौसेवा के कार्यों में गति प्रदान करने हेतु दी गई तथा नईम शाह से आशा व्यक्त की है कि वे प्रदेश/जनपद स्थित संगठन के कार्यकर्ताओं से समन्वय स्थापित कर प्रदेश/जनपदीय अधिकारियों का सहयोग लेकर गौसेवा गौरक्षा के उत्कृष्ट कार्यों को गतिशील रखेंगे। श्री नईम शाह ने अपनी नियुक्ति पर कहा कि उनका उद्देश्य राष्ट्रीय गौ सेवा संघ के तत्वावधान में गाय माता की सेवा एवं सुरक्षा करना रहेगा। नईम शाह की नियुक्ति पर इष्टमित्रों से बधाई दी है।

# वृक्ष लगाकर सार्थक संस्था ने की बसंत की अगवानी

**मंदसौर, 19 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्ध संकल्पित और समर्पित सार्थक संस्था ने जिला वन मंडल अधिकारी श्री संजय रायखेरे की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में विभाग के सहयोग से वृक्षारोपण कर प्रकृति के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में संस्था की संस्थापक डॉ उर्मिला तोमर ने उपस्थित सार्थक टीम के सदस्यों से यह अनुरोध किया कि जीवन में यदि हम वास्तव में राष्ट्र प्रेमी, पर्यावरण प्रेमी और पर्यावरण के लिए समर्पित हैं तो हमें तीन चीजों का पालन आज बसंत पर्व के इस अवसर से ही से करना चाहिए। रिड्यूस अर्थात प्लास्टिक का कम से कम इस्तेमाल करें, ऊर्जा की बचत करें, जल की बचत करें यही रिड्यूस है। रियूज वस्तुओं को अनेक बार जितनी बार हम इस्तेमाल कर सकते हैं उनका पूर्ण उपयोग करें, अर्थात कम कचरा का उत्पादन करें। रिफ्यूज यानी ऐसी कुछ चीजों को हमेशा के लिए ना कहें जो पर्यावरण के लिए प्रदूषण का कारण बनती है, इसमें विशेष रूप से डिस्पोजेबल समान और प्लास्टिक प्लास्टिक की थैलियां शामिल है हमेशा घर से निकलते समय कपड़े की थैली साथ रखें। घर में पांच औषधीय पौधे अवश्य लगाए पक्षियों के लिए दाना और पानी की व्यवस्था करें। लगना चाहिए यह किसी पर्यावरण प्रेमी का घर है। सार्थक टीम के हर सदस्य के घर पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगे ऐसा भी प्रयास हमारा होना चाहिए। जिससे वर्षा के पानी को हम जमीन में उतार सकें। यदि वाहन खरीदने की योजना है तो इलेक्ट्रिक वाहन ही खरीदें। इस अवसर पर जिला वन मंडल अधिकारी श्री संजय राय खेरे ने अपने उद्बोधन में कहा बसंत का समय और मानसून का समय पौधे लगाने के लिए बहुत अनुकूल होता है। जिस प्रकार किसी सर्जरी के बाद पोस्ट केयर अति महत्वपूर्ण है उसी प्रकार पौधे लगाने के बाद में उनकी देखभाल, पानी की व्यवस्था उनकी सुरक्षा की व्यवस्था यह सबसे आवश्यक है। तभी हमारे द्वारा लगाए पौधे पेड़ का स्वरूप धारण कर सकते हैं।



वृक्षारोपण के इस अवसर पर सार्थक के अनेक सदस्य श्री अनंत तारे, विष्णु जी पाटीदार, मनोज बामोलिया, अर्पित सेन, श्रीमती चंदा दांगी श्रीमती विजयलक्ष्मी रघुवंशी श्रीमती रचना दोषी, अजय डांगी, कन्हैयालाल भावसार, डॉ सौरभ तोमर, श्री पुरुषोत्तम भट्ट, श्रीमती प्रीति छाबड़ा, महावीर रघुवंशी, विक्रम सिंह उपस्थित थे सभी ने वृक्षारोपण में अपना सहयोग दिया वृक्षारोपण के लिए किए गए गड्ढों में खाद भरी गई पौधे लगाने के बाद उसी समय अच्छे से पौधों की सिंचाई की गई स्थल पर से सारा कचरा टीम द्वारा हटाया गया। इस अवसर पर वन विभाग का अमला पूरे समय मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए उपस्थित रहा। सार्थक द्वारा वन विभाग एवं वन मंडल अधिकारी का आभार व्यक्त किया एवं भविष्य में इसी प्रकार सहयोग और मार्गदर्शन की अपेक्षा की गई।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मन्दसौर

दूरभाष क्रमांक-07422-256284, फेक्स-07422-255215,
महू नीमच रोड, शासकीय महाविद्यालय के पास, मंदसौर E-mail -: eephedmas@mp.nic.in

NIT NO-15/2023-24

क्रमांक 371/व.ले.लि./का.यं./2024 मंदसौर दिनांक-13.02.2024

निम्नलिखित कार्य की निविदा आमत्रण सूचना वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर प्रदर्शित की गई है। टेण्डर का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :-

| टेण्डर आई. डी.क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | 1 अर्नेस्टमनी (रु. में) 2 आमंत्रण क्रं. | समयावधि (वर्षाकाल सहित) | निविदा क्रय की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2024_PHED _331582_1 | CONSTRUCTION AND DRILLING OF OF 7 NOS 200/150 MM DIA 240 MTR . DEEP IN MANDSAUR BLOCK OF DISTT . MANDSAUR UNDER JJM SCHEMES AS PER BOQ | 13.40 | 1. 26810.00 2. प्रथम आमंत्रण | 30 दिवस | 01.03.2024 17.30 तक |
| 2024_PHED _331667_1 | CONSTRUCTION AND DRILLING OF OF 7 NOS 200/150 MM DIA 240 MTR . DEEP IN MANDSAUR BLOCK OF DISTT . MANDSAUR UNDER JJM SCHEMES AS PER BOQ | 13.40 | 1. 26810.00 2. प्रथम आमंत्रण | 30 दिवस | 01.03.2024 17.30 तक |
| 2024_PHED _331670_1 | CONSTRUCTION AND DRILLING OF OF 7 NOS 200/150 MM DIA 240 MTR . DEEP IN MANDSAUR BLOCK OF DISTT . MANDSAUR UNDER JJM SCHEMES AS PER BOQ | 13.40 | 1. 26810.00 2. प्रथम आमंत्रण | 30 दिवस | 01.03.2024 17.30 तक |
| 2024_PHED _331676_1 | CONSTRUCTION AND DRILLING OF OF 7 NOS 200/150 MM DIA 240 MTR . DEEP IN MANDSAUR BLOCK OF DISTT . MANDSAUR UNDER JJM SCHEMES AS PER BOQ | 13.40 | 1. 26810.00 2. प्रथम आमंत्रण | 30 दिवस | 01.03.2024 17.30 तक |
| 2024_PHED _331785_1 | CONSTRUCTION AND DRILLING OF OF 7 NOS 200/150 MM DIA 240 MTR . DEEP IN SITAMAU BLOCK OF DISTT . MANDSAUR UNDER JJM SCHEMES AS PER BOQ | 13.40 | 1. 26810.00 2. प्रथम आमंत्रण | 30 दिवस | 01.03.2024 17.30 तक |
| 2024_PHED _331794_1 | CONSTRUCTION AND DRILLING OF OF 7 NOS 200/150 MM DIA 240 MTR . DEEP IN SITAMAU BLOCK OF DISTT . MANDSAUR UNDER JJM SCHEMES AS PER BOQ | 13.40 | 1. 26810.00 2. प्रथम आमंत्रण | 30 दिवस | 01.03.2024 17.30 तक |
| 2024_PHED _331802_1 | CONSTRUCTION AND DRILLING OF OF 7 NOS 200/150 MM DIA 240 MTR . DEEP IN SITAMAU BLOCK OF DISTT . MANDSAUR UNDER JJM SCHEMES AS PER BOQ | 13.40 | 1. 26810.00 2. प्रथम आमंत्रण | 30 दिवस | 01.03.2024 17.30 तक |
| 2024_PHED _331804_1 | CONSTRUCTION AND DRILLING OF OF 7 NOS 200/150 MM DIA 240 MTR . DEEP IN MALHARGARH BLOCK OF DISTT . MANDSAUR UNDER JJM SCHEMES AS PER BOQ | 13.40 | 1. 26810.00 2. प्रथम आमंत्रण | 30 दिवस | 01.03.2024 17.30 तक |
| 2024_PHED _331810_1 | CONSTRUCTION AND DRILLING OF OF 7 NOS 200/150 MM DIA 240 MTR . DEEP IN MALHARGARH BLOCK OF DISTT . MANDSAUR UNDER JJM SCHEMES AS PER BOQ | 13.40 | 1. 26810.00 2. प्रथम आमंत्रण | 30 दिवस | 01.03.2024 17.30 तक |
| 2024_PHED _331812_1 | CONSTRUCTION AND DRILLING OF OF 7 NOS 200/150 MM DIA 240 MTR . DEEP IN MALHARGARH BLOCK OF DISTT . MANDSAUR UNDER JJM SCHEMES AS PER BOQ | 13.40 | 1. 26810.00 2. प्रथम आमंत्रण | 30 दिवस | 01.03.2024 17.30 तक |
| 2024_PHED _331813_1 | CONSTRUCTION AND DRILLING OF OF 7 NOS 200/150 MM DIA 240 MTR . DEEP IN GAROTH BLOCK OF DISTT . MANDSAUR UNDER JJM SCHEMES AS PER BOQ | 13.40 | 1. 26810.00 2. प्रथम आमंत्रण | 30 दिवस | 01.03.2024 17.30 तक |
| 2024_PHED _331815_1 | CONSTRUCTION AND DRILLING OF OF 7 NOS 200/150 MM DIA 240 MTR . DEEP IN GAROTH BLOCK OF DISTT . MANDSAUR UNDER JJM SCHEMES AS PER BOQ | 13.40 | 1. 26810.00 2. प्रथम आमंत्रण | 30 दिवस | 01.03.2024 17.30 तक |
| 2024_PHED _331821_1 | CONSTRUCTION AND DRILLING OF OF 7 NOS 200/150 MM DIA 240 MTR . DEEP IN GAROTH BLOCK OF DISTT . MANDSAUR UNDER JJM SCHEMES AS PER BOQ | 13.40 | 1. 26810.00 2. प्रथम आमंत्रण | 30 दिवस | 01.03.2024 17.30 तक |
| 2024_PHED _331827_1 | CONSTRUCTION AND DRILLING OF OF 7 NOS 200/150 MM DIA 240 MTR . DEEP IN BHANPURA BLOCK OF DISTT . MANDSAUR UNDER JJM SCHEMES AS PER BOQ | 13.40 | 1. 26810.00 2. प्रथम आमंत्रण | 30 दिवस | 01.03.2024 17.30 तक |
| 2024_PHED _331831_1 | CONSTRUCTION AND DRILLING OF OF 7 NOS 200/150 MM DIA 240 MTR . DEEP IN BHANPURA BLOCK OF DISTT . MANDSAUR UNDER JJM SCHEMES AS PER BOQ | 13.40 | 1. 26810.00 2. प्रथम आमंत्रण | 30 दिवस | 01.03.2024 17.30 तक |
| 2024_PHED _331835_1 | CONSTRUCTION AND DRILLING OF OF 7 NOS 200/150 MM DIA 240 MTR . DEEP IN BHANPURA BLOCK OF DISTT . MANDSAUR UNDER JJM SCHEMES AS PER BOQ | 13.40 | 1. 26810.00 2. प्रथम आमंत्रण | 30 दिवस | 01.03.2024 17.30 तक |

उक्त कार्य की निविदा क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से भुगतान करने पर ऑनलाईन उक्त वेबसाईट पर क्रय की जा सकती है। निविदा से संबधित अन्य विस्तृत जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

नोट :- निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन वेबसाईट पर देखा जा सकता है। संशोधन पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

जी-24396/23

टीका लगवाओ सुखी रहेगा परिवार, कोरोना जायेगा हार।

(पी.के.गोगादे) कार्यपालन यंत्री
लोक स्वा.यां.खंड मंदसौर
फोन नंबर 07422232190




स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in